दिनांकः 03.11.2025
समय : 09.00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार।

- जोधपुर संभाग के फलौदी में भीषण सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत–2 गंभीर घायल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन कर एक लाख करोड़ रूपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना निधि की सौगात देंगे।
- आईसीसी चेम्पियनशिप जीतकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहली बार विश्व विजेता बनी।
- प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार–कई संभागों में बारिश की संभावना।

जोधपुर संभाग के फलौदी में कल एक भीषण हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ये दर्दनाक घटना मतोड़ा क्षेत्र में भारत माला परियोजना सड़क पर किनारे खड़े एक ट्रेलर और टेम्पो ट्रेवलर के बीच टक्कर से हुई। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि ट्रेवलर में सवार सभी लोग कोलायत में कपिल मुनी आश्रम के दर्शन कर लौट रहे थे कि हादसे का शिकार हो गये।

...................

हादसे की सूचना मिलते ही केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रशासन और चिकित्सा विभाग से बात कर तुरंत राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हृदयविदारक हादसे के प्रति गहरा दुःख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से पीड़ितों के परिजनों को 2–2 लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी हादसे को अत्यन्त दुःखद बताते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं भारत माला पर एक अन्य हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई ही और तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा मतोड़ा के पास लक्ष्मण नगर में एक बेकाबू कार के डिवाइडर से टकराने से हुआ।

सलूम्बर के झल्लारा क्षेत्र के धोला काकर गांव में कुएं में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ये बच्चें नहाने के लिए कुंए के पास गये थे कि एक बच्चे का पैर फिसल गया, उसे बचाने के प्रयास में बाकी दोनों भी डूब गये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। भारत मण्डपम में होने वाले इस सम्मेलन को वे संबोधित भी करेंगे। श्री मोदी देश में रिसर्च इको सिस्टम को बढावा देने के लिए एक लाख करोड़ रूपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना निधि का शुभारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देशय देश में निजी क्षेत्र से संचालित रिसर्च एण्ड डपलपमेंट को मजबूती देना है। तीन दिन के इस सम्मेलन में नोबल पुरस्कार विजेता, प्रमुख वैज्ञानिक, नवाचारी और नीति निर्माताओं सहित शिक्षा जगत, अनुसंधान संस्थान, उद्योग और सरकार के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जैव–विनिर्माण, समुद्री अर्थव्यवस्था, डिजिटल संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकण्डक्टर विनिर्माण, नई  कृषि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु, क्वांटम विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर चर्चा की जाएगी।

भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के जवानों के पराक्रम की गूंज इन दिनों जैसलमेर में सुनाई दे रही है। भारत–पाक सीमा पर राजस्थान से लेकर गुजरात तक सेना के तीनों अंगों का युद्धाभ्यास त्रिशूल किया जा रहा है।

................

अंता विधानसभा सीट पर 11 नवम्बर को होने वाले उप–चुनाव के लिए ईवीएम व वीवीपेट मशीनों का दूसरा रेण्डमाइजेशन कल पूरा किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक सुभाश्री नन्दा, पुलिस पर्यवेक्षक गगनदीप गंभीर, जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस बीच क्षेत्र में प्रचार जोर पकड़ चुका है। प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए व्यापक जनसम्पर्क कर रहे हैं।

देश की बेटियों ने क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहली बार वन–डे आईसीसी ट्रॉफी जीतकर विश्व विजेता बन गई है। कल मुम्बई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर टीम ने इतिहास रच दिया।

........................

टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर भारतीय टीम ने 298 रनों का विशाल स्कोर बनाया। शैफाली वर्मा ने 87 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं दीप्ति शर्मा ने महत्वपूर्ण 58 रन जोड़ने के साथ ही 5 विकेट लिये। दीप्ति को प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी, दक्षिण अफ्रीकी टीम 46वें ओवर में 246 रनों पर ही सिमट गई।

भारतीय कप्तान हरमन प्रीत कौर ने जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी टीम रणनीति बनाकर खेली।

..............

महिला क्रिकेट की इस उपलब्धि से क्रिकेट प्रेमियों में जश्न का माहौल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई नेताओं ने सोशल मीडिया संदेश में भारतीय टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश का दिल जीत लिया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में वन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों में वन विभाग की ओर से दी जाने वाली एनओसी प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुए इन योजनाओं के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द जारी किये जाने चाहिए। श्री बिरला ने गरडिया महादेव में जाने वाले श्रद्धालुओं और चम्बल वॉटर सफारी के शुल्क को लेकर कहा कि इसे कम से कम रखा जाना चाहिए। इस बारे में श्री बिरला ने वन मंत्री संजय शर्मा से भी बातचीत की और शुल्क नीति पर पुनर्विचार करने को कहा।

प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से अगले दो दिनों तक जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। बीकानेर संभाग में बादल छाये रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 5 नवम्बर से मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। वहीं उत्तरी हवाओं से न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। इस बीच आज भरतपुर, सवाईमाधोपुर सहित कुछ स्थानों पर धुंध छाई हुई है और हवा में ठण्डक घुलने लगी है। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में बीती रात से ही ठण्डी हवाओं का दौर जारी है।

...............